

## एक नजर

### श्रीश्री बूढ़ी माता मंदिर सात दिवसीय महायज्ञ 26 से

इटारसी। नगर की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र मालवीयगंज स्थित श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर में इस वर्ष 51 वा श्री शतचण्डी महायज्ञ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। 26 जनवरी 2026 से प्रारंभ होने वाले इस सात दिवसीय अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। यज्ञ का शुभारंभ 26 जनवरी, सोमवार को प्रातः 10:30 बजे भव्य कलश यात्रा (घट यात्रा) से होगा। यह यात्रा श्री माता महाकाली दरबार से प्रारंभ होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर और बालाजी मंदिर चौराहा होते हुए श्री बूढ़ी माता मंदिर पहुंचेगी। इसी दिन शाम 4 बजे अरणिमंथन के माध्यम से अग्नि प्राकट्य कर यज्ञ की आहुतियां प्रारंभ की जाएंगी। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 12 बजे तक और दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक पूजन, दुर्गासप्तशती पाठ, रुद्राभिषेक एवं आरती संपन्न होगी। विशेष रूप में 27 से 31 जनवरी तक दोपहर 1 से 5 बजे तक प्रख्यात कथावाचक पं. चन्द्रकांत भार्गव के मुखारविंद से मानस प्रवचन की अमृत वर्षा होगी। पूर्णाहुति व महाप्रसाद वितरण 01 फरवरी 2026 रविवार, दोपहर 2 बजे से होगा। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं. प्रमोद भार्गव शास्त्री होंगे, जबकि संरक्षक की भूमिका पं. रामगोपाल त्रिपाठी शास्त्री निभा रहे हैं। इस वर्ष की मुख्य यजमान श्रीमती हेमलता क्षितित भावसार हैं। मंदिर समिति ने सभी धर्मानुरागी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और इस धार्मिक उत्सव को सफल बनाने में तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करें।

# अवैध उत्खनन, परिवहन पर वाहन जब्त

## जप्त वाहनों के विरुद्ध अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण के तहत हुई कार्रवाई





खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई में 02 ट्रक, 01 डम्पर एवं 01 ट्रेक्टर ट्राली की गई जप्त

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/23,जनवरी,2026** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के द्वारा प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन /भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा 23 जनवरी 2026 को ग्राम-गुर्रा, तह0-इटारसी से 02 ट्रक / डम्पर क्रमशः क्रमांक-एमपी 47एच261, एमपी48जेडजी7278 को रेत खनिज एवं ट्रक / डम्पर क्रमांक-एमपी04जेडयू7691 को गिट्टी खनिज के ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर पुलिस थाना गुर्रा, तह0-इटारसी में खड़ा किया गया तथा सोहागपुर, तह0-सोहागपुर से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज के अवैध परिवहन में जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। उक्त कार्यवाहियों में श्री नीलेश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी, श्री दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, श्री रंजीत चौहान, नायब तहसीलदार सोहागपुर, श्री कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र0 खनि निरीक्षक एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।



# आपसी समन्वय के साथ मजार पूरे धार्मिक सम्मान के साथ विस्थापित

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 23 जनवरी** शहर के विकास और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में आज प्रशासन और नागरिकों ने आपसी समन्वय की एक बड़ी मिसाल पेश की है। ग्वाल बाबा (नाला मोहल्ला) डोलरिया रोड पर लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रही एक मजार को आज सर्वसम्मति और पूरे धार्मिक सम्मान के साथ विस्थापित कर दिया गया।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद किया, जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिला। विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि शहर के विकास के लिए जनसहयोग अनिवार्य है। यह कार्य आपसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे आने वाले समय में हजारों लोगों को लाभ होगा। मजार विस्थापन के साथ-साथ नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सड़क के आसपास मौजूद अन्य अवैध अतिक्रमणों को भी हटाया गया। भारी मशीनों की मदद से मार्ग को साफ किया

**30 हजार ग्रामीणों को मिलेगी जाम से मुक्ति** -नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस कार्य के लिए स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यार्ड रोड से आने-जाने वाले लगभग दो दर्जन गांवों के निवासी, डोलरिया और रेलवे की ओर जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर अब यातायात का दबाव कम होगा और लोगों का समय बचेगा.

# सोनतलाई के गोंडी धर्मदर्शन गाथा में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 23 जनवरी** ग्राम सोनतलाई में इन दिनों सात दिवसीय गोंडी कोयापुनेम धर्म दर्शन गाथा का आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी तक चला। आयोजन के दौरान बीती रात आयोजित जागरण में हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने आदिवासी संस्कृति और आस्था का अनुपम उदाहरण पेश किया। प्रमुख कलाकारों ने बांधा समां. जागरण कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित गोंडी कला जगत के प्रसिद्ध गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रियांशी भलावी जबलपुर ने बड़ादेव जय सेवा रे गोंड वंश आपने पुराना जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशाल ककोडिया छिंदवाड़ा ने बड़ादेव गीत के माध्यम से समाज में जोश भर दिया। शिवम इरपाचे शाहपुर ने अपनी गायकी के जरिए पारंपरिक मुकदमा ले जाने के प्रसंगों को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इन कलाकारों की आवाज और गोंडी संस्कृति की झलक पाने के लिए न केवल स्थानीय ग्रामीण, बल्कि जिला बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम के सुदूर क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और युवा सोनतलाई पहुंचे। पूरा क्षेत्र आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा जयघोष से गुंजायमान रहा।

### धरना प्रदर्शन

**पिपरिया,** शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार के विरोध में मंगलवार चौराहे पर एक दिवसीय उपवास रखकर लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया। ब्लाक व नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शंकराचार्यजी के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार के विरोध में कहा कि यह घटना न केवल धर्मगुरू का अपमान है बल्कि देश की धार्मिक एवं सांस्कृति आस्थाओं पर सीधा आघात है।

### श्रीराम कथा का समापन आज

**माखन नगर** विगत 7 दिवस से पटवारी लाइन हनुमान मंदिर पर श्री राम कथा का आयोजन जारी है जिसमें कथा वाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने शुक्रवार को श्री राम के वन गमन राम केवट संवाद का सुंदर चित्रण वर्णन किया. राज्यसभा की सांसद माया नारोलिया ने आरती में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजन की.

# पिनेकल एकेडमी में विद्यार्थियों ने की माँ सरस्वती पूजन

नवभारत न्यूज

**हरदा, 23 जनवरी** पिनेकल एकेडमी में बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।इस दौरान विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई।प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में जिला समन्वयक स्वदेशी जागरण मंच योगमाया शर्मा,समाजसेविका एवं सॉफ्टवेयर डेवलपर डॉ शिवांगी अग्रवाल,आंत्र प्रेन्योर एवं फ्रीलांसर कृतिका हाशाणी, संचालक सुल्ताना खान उपस्थित रही। प्रतियोगिता की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई।पिनेकल एकेडमी के संचालक अब्दुल सईद खान ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था,उनका पूजन कर हम सभी विद्या की कामना करते है।पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन भगवान राम,शबरी के घर पधारे थे।इसलिए यह दिन हम सभी के लिए विशेष है।वहीं मुख्य वक्ता योगमाया शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में बेहतर करने का भाव उत्पन्न होता है,विद्यार्थी फैंसी ड्रेस में विभिन्न रूपों में सजकर उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते है।इस दौरान आंत्रप्रेन्योर कृतिका हाशाणी ने आयोजन की सराहना की.

# मनरेगा बचाओ ग्राम चौपाल में शामिल हुए दिग्विजय सिंह

मनरेगा बचाओ चौपाल में आदिवासियों ने खुलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया।



नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 23 जनवरी** आज ग्राम पंचायत कामती में मनरेगा बचाओ चौपाल में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल हुए । जिसमें उन्होंने आदिवासियों भाइयों एवं बहनों से मनरेगा के संबंध में चर्चा की एवं नई योजना को ग्रामीणों के लिए अहितकारी बताया एवं उनसे उनकी समस्याओं की जानकारी ली। आदिवासियों ने खुलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया । जिसमें विस्थापन, सेंसेटिव जोन बेरोजगार की चर्चा की , ग्राम इकाई की भी घोषणा कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम उपरांत उन्होंने आदिवासियों भाइयों बहनों के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे,पुष्पराज पटेल, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रशांत जयसवाल, राजा पलिया, केलु उपाध्याय, बाबू चौधरी,अमिताभ तिवारी, गुड्डू चौधरी,राजेंद्र उईके , महेश उईके, ऋषभ दीक्षित, विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस अजय ठाकुर, कार्तिक शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए.

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन 26 को रात्रि 8 .30 बजे

**इटारसी।** गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर नपा परिषद इटारसी द्वारा एक भव्य प्रदेश स्तरीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक उत्सव 26 जनवरी 2026, सोमवार को रात 8:30 बजे से स्थानीय जयस्तंभ चौक पर आयोजित होगा। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से प्रख्यात रचनाकार अपनी काव्य प्रस्तुति देंगे। वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर कमलेश राजहंस सोनभद्र और गौरीशंकर धाकड़ बरेली अपनी ओजस्वी कविताओं से राष्ट्रभक्ति का संचार करेंगे, वहीं अशोक नागर शाजापुर और मुकेश शांडिल्य 'चिराग' टिमरनी श्रोताओं को गुदगुदाएंगे।

### धनियाबाई साहू का निधन

**पिपरिया** स्व.प्रेमनारायण साहू की धर्मपत्नी मदनलाल साहू स्व.ब्रजगोपाल,किशनलाल,नारायणदास,गुड्डू भैया की माताजी शैलेन्द्र, सुरेन्द्र सत्यम, पियूष, मुकेश,सोहम साहू की दादीजी धार्मिक प्रवृति की समाजसेवी धनियाबाई साहू उम्र 98 वर्ष का निधन हुआ। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओ सहित शहर के गणमान्य नागरिको,समाजसेवियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# तीन दिवसीय माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव की शुरुआत

मां सरस्वती एवं माँ नर्मदा पूजन कर नर्मदाष्टक एवं पूजन की.



नवभारत न्यूज

**हरदा,** नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शुक्रवार को तीन दिवसीय मां नर्मदा प्राकट्योत्सव की शुरुआत हुई।सुबह समाजजनों ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मां सरस्वती एवं मां नर्मदा पूजन कर नर्मदाष्टक एवं आरती की।दोपहर को समाज के कथा वाचक, पंडित, आचार्य, 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों, पत्रकार, प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं समाज के चुनाव में भूमिका निभाने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया।सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड जज अनिल पारे,नेचुरोपैथी डॉ अम्बर पारे, वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद बरगले, मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर, महिला अध्यक्ष किरण काशिव मंचासीन रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि अनिल पारे ने बसंत पंचमी का महत्व बताते हुए समाज के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की सराहना की।

# चुनरी यात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**सोहागपुर।** 25 जनवरी को मां नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में शंकर मंदिर सोहागपुर से काली मंदिर तक पैदल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी एवं काली मंदिर से पल्केश्वर धाम गोस्वामी आश्रम मां नर्मदा तट पलकमती संगम ईश्वरपुर के पास तक 15 किलोमीटर वाहन यात्रा निकाली जाएगी । यह चुनरी यात्रा सुबह 9:00 बजे शंकर मंदिर हनुमान नाका के पास से प्रारंभ होगी । मां नर्मदा चुनरी यात्रा के समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शाम को दीपदान किया जाएगा। इस चुनरी यात्रा का आयोजन वैद्य राम नरेश गिरी गोस्वामी पलकेश्वर धाम ईश्वरपुर के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर रेवा चरण सेवक पंडित आनंद गिरि गोस्वामी वेदांती आश्रम वृंदावन धाम उपस्थित रहेंगे। आयोजक द्वारा सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से चुनरी यात्रा और भंडारे में शामिल होने का निवेदन किया है।



# माता, पिता तथा गुरु की आज्ञा की अवहेलना न करें-भार्गव

नवभारत न्यूज

**बनखेडी, 23 जनवरी** बनखेडी लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेंडरी स्कूल में हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का विदाई समारोह एवं करियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइम मोटिवेशन के संचालक प्रीतेश भार्गव ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने का एक ही सूत्र है । माता पिता और गुरु का अनादर कभी मत करों। लक्ष्य का निर्धारण करो और प्रयास सौ प्रतिशत करो । पत्रकार राजकुमार शर्मा ने कहा कि अनुभवी व्यक्ति कोई बात कहे तो उसे जब की तस माने क्योंकि अनुभवी अपने जीवन का निचोड़ आपको दे रहा है । पूर्व सैनिक करीम बेग ने 12 वीं के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर स्कूल के संचालक हिमांशु श्रीवास्तव ने बच्चों के लिए स्टूडेंट आफ द इयर के लिए 35 हजार रुपए की घोषणा की । हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों में पढ़ाई का स्तर बढ़ाने के विद्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ बच्चे का चयन होगा जिसे पुरुस्कार के रुप में नकद राशि दी जाएगी। इस अवसर पर समिति सदस्य सुषमा श्रीवास्तव, प्राचार्य पूनम श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद थे । विदाई समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता और नाटक की प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा उद्बोधन में कुछ बच्चे भावुक भी हो गये ।

### पूजन व देव आव्हान से यज्ञशाला में अग्नि प्रज्जवलित हुई

**पिपरिया** पुराना गल्ला बाजार में श्रीरामचरित मानस यज्ञ व नवाहन परायण के आयोजन को लेकर यज्ञशाला पूजन व देवआव्हान को लेकर प्रातः से पूजन शुरू हुई। इस दौरान यज्ञ समिति के पदाधिकारियों में विशेष उत्साह था।पदाधिकारी सदस्यों ने चर्चा के दौरान बताया कि पिपरिया तुलसी नगर में सन 1954 से हर तीन साल में यज्ञ आयोजित हो रहा है.

# राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस के अवसर पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 23 जनवरी** प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय किशोरी दिवस का आयोजन किया जाता है इसी के तहत 22 जनवरी से 24 जनवरी तक की राष्ट्रीय किशोरी दिवस मनाया जाना प्रस्तावित है महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना केसला के सेक्टर पथरोटा एक मे ग्राम पंचायत तवा नगर में राष्ट्रीय किशोरी बालिका दिवस का आयोजन किया गया पर्यवेक्षक चेतना ढीवरे द्वारा बताया गया कि किशोरी बालिका दिवस की आज की थीम जेंडर समानता के तहत उपस्थित किशोरी बालिकाओं को जानकारी दी गई इसमे बताया कि बालक और बालिका दोनों समान है ग्रामीण क्षेत्र में महिला एवं बालिकाओं की सहायता हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक स्तरों पर हेल्पलाइन का प्रदर्शन लिंग परिक्षण भ्रूण हत्या की जांच कानूनी अपराध है .

बाल विवाह बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सम्मान की जानकारी दी गई कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नफीसा रितु सोनम अजरा शकुन मंजू एवं सहायिका उपस्थित थे

### सुभाष चौक पर सुभाष जयंती मनाई गई

**माखन नगर** स्वतंत्रता सेनानी आज़ाद भारत के नायक श्री सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर सुभाष चोक पर कुलदीप मिश्रा राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया. ध्वज सलामी दी गई इस अवसर पर शेलेन्द्र गुरुजी, हाकिम खान, प्रदीप शर्मा, उमेश तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि रत्नेश बडगुजर, मोहन सोनी, बबलू ठेकेदार, हामिद खान आदि उपस्थित थे.

### शंकराचार्य स्वामी के साथ मेले में दुर्व्यवहार को लेकर ज्ञापन सौपा

**माखन नगर, 23 जनवरी 2026** शंकराचार्य सनातन धर्म और संस्कृति के सबसे बड़े संरक्षक के रूप में हमारी सनातन परंपरा में प्रतिष्ठित है विशेष पर्वों पर शंकराचार्य एवं धर्म गुरुओं को विशेष सुविधाओं के साथ स्थान करने का अधिकार सनातन धर्म और आदि शंकराचार्य जी की परंपरा से उन्हें प्राप्त होते रहा है परंतु माघ मेले में उनके स्थान के मौलिक अधिकार को मेला प्रशासन एवं माननीय शासन द्वारा पूर्ण ना करते हुए उसमें व्यवधान उत्पन्न किया गया एवं उनके साथ दुर्व्यवहार एवं उनके शिष्यों को अपमानित किया गया है निश्चित ही सनातन धर्म के विरुद्ध है इस दुर्व्यवहार को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज माखन नगर ब्लॉक के द्वारा माननीय राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार बाबई को सोपा गया जिसमें ब्राह्मण समाज ने इस दुर्व्यवहार का विरोध करते हुए मांग करती है कि संबंधित अधिकारियों का खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए एवं अनंत विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी के महाराज के साथ-साथ उनके शिष्यो से संबंधित अधिकारी माफी मांगे की मांग की है।

**नर्मदा जयंती** आटे एवं पत्तों के दीपक से नर्मदा नदी में किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता

# केंद्रीय जेल के कैदियों ने बनाए पत्तों के दीप

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/23,जनवरी,2026** / कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में तथा जल संरक्षण की भावना को साकार करते हुए केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के कैदियों के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन हेतु 50 हजार आटे एवं पत्तों के पर्यावरण अनुकूल दीपक तैयार किए जा रहे है। प्रदूषण को रोकने एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए जेल के कैदियों के द्वारा जेल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये आटा एवं पत्तों के दीपक बनाने की पहल की गई। माँ नर्मदा प्रकटोत्सव पर मां नर्मदा को प्लास्टिक, सिंथेटिक कागज के दीपकों के उपयोग को हतोत्साहित करना तथा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश देने के उद्देश्य से केंद्रीय जेल नर्मदापुरम के कैदियों द्वारा आटे एवं पत्तों के दीपक तैयार किये जा रहे हैं। आटे एवं पत्तों के दीपक बनाने का उद्देश्य माँ नर्मदा को प्रदूषित होने से रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों को जागरूक करने का एक छोटा सा प्रयास है जहाँ आटे के दीपक से नर्मदा नदी में किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता एवं आटे के दीपक गलकर मछलियों के आहार के काम आते है। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के कैदी माँ नर्मदा जयंती महोत्सव के लिए आटे के दीपक बनाकर निःशुल्क रूप से प्रदाय कर जल संरक्षण में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं माँ नर्मदा के प्रति बंदियों में आस्था एवं विश्वास में वृद्धि हो रही है, जो कि जेल के लिए एक सकारात्मक पहलू है।



### नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ

**पिपरिया** कलचुरी कलार समाज द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर एवं निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन का आयोजन कलचुरी भवन में किया गया। कलचुरी कलार समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में चिरायु मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल भोपाल की टीम के चिकित्सको द्वारा 273 की जांच की गई जिसमें 86 मरीज आपरेशन हेतु बस द्वारा भोपाल भेजे गये।पूर्व जिला सतर्कता निगरानी सदस्य अरविंद राय ने बताया कि कलचुरी समाज का यह 11वां शिविर था, शिविर अवसर पर हरिशंकर जायसवाल, अध्यक्ष रामदास राय,पूर्व अध्यक्ष विनोद कटकवार,सेवामंडल के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप राय,बीएमओ डॉ.ऋचा कटकवार आदि थे.


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी**

**प्रेस विज्ञप्ति**

रा0प्र0क्र0 0008 अ-6 वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण नंदलाल आ0 40 घनश्याम दास चेलानी एवं अन्य-03 निवासी सिंधी कालोनी इटारसी तहसील इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 म0प्र0भ0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 04 प्लाट नं0 1/16 रकबा 1050 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदकगण के पिता घनश्याम दास आ0 बकारीमल चेलानी निवासी सिंधी कालोनी इटारसी के नाम दर्ज है। धनश्यामदास का दिनांक 27/01/2012 को स्वर्गवास हो चुका है और उनके स्वर्गवास उपरांत उनकी पत्नि श्रीमति शीला देवी पत्नि धनश्यामदास घेलानी का भी दिनांक 04/04/2016 को स्वर्गवास हो गया है एवं आवेदकगण ही धनश्यामदास चेलानी के विधिक उत्तराधिकारी होकर उक्त वर्णित संपत्ति पर काबिज है। आवेदकगण उक्त वर्णित संपति पर उत्तराधिकारी कम में आवेदकगणों का नाम दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदकगणों दवारा उक्त वर्णित सपति पर फौती आधार पर नजूस अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 08/01/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजून अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

**नोट**:- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दश प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**